LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

PRESS RELEASE

श्री सिद्धार्थ मोहंती ने भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया

श्री सिद्धार्थ मोहंती ने आज भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्हे भारत सरकार द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2021 को जारी अधिसूचना में प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया था।

एलआईसी में प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने से पहले वह भारत की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) में प्रबंध निदेशक एंव मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। वह एलआईसी एचएफएल में मुख्य प्रचालन अधिकारी भी थे। श्री सिद्धार्थ मोहंती ने अपने करियर की शुरुआत भारतीय जीवन बीमा निगम में बतौर अधिकारी वर्ष 1985 में सीधी भर्ती में की थी तद्पश्चात विभिन्न पदो से बढ़ते हुये इस वरिष्ठ पद पर पहुँचे है।

निगम में तीन दशक से भी ज्यादा के कैरियर में श्री मोहंती ने विपणन , मानव संसाधन, निवेश, विधि में अपनी पहचान बनाई है। उन्होने निवेश (निगरानी) के प्रमुख तथा महाराष्ट्र , गुजरात, गोवा राज्य तक फैले एलआईसी के पश्चिम क्षेत्र में प्रादेशिक प्रबन्धक के रूप में कार्य किया है। वह रायपुर व कटक मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक (प्रभारी) थे।

श्री मोहंती राजनीति विज्ञान मे स्नातकोत्तर के साथ-साथ कानून में डिग्रीधारक भी है। अन्य योग्यताओं में बिज़नस मेनेजमेंट में स्नातकोत्तर व भारतीय बीमा संस्थान से लाइसेंसियट भी शामिल है। उनकी काम करने की नवीन शैली , लोगो के प्रति उनका झुकाव, विपणन में कुशाग्रता व तकनीकी निपुणता ने उन्हे सौपें गए हर कार्य में सफलता दिलायी है।

दिनाँक- 01/02/2021, मुंबई

अन्य जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें-
कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण)
केंद्रीय कार्यालय, भारतीय जीवन बीमा निगम, मुंबई
ईमेल- ed_cc@licindia.com हमे देखे- https://www.licindia.in

हम मानते हैं कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम आपको इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद देंगे, हम यह भी समझते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आपके हाथ में है।